देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 14.09.2025

समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से स्थानीय और स्वदेशी उत्पादों का ब्रांड एंबेसडर बनने तथा स्वदेशी उत्पादों पर गर्व करने की अपील की।
- नवरात्रि से जीएसटी की नई दरें लागू होंगी। केंद्र सरकार के इस ऐतिहासिक फैसले से देश के हर परिवार, किसान और दुकानदारों को फायदा होगा।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– जनता को त्वरित और पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता।
- ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बारिश से अवरुद्ध सड़कों को जल्द खोलने के निर्देश दिए।
- **और,** टी–ट्वेंटी एशिया कप क्रिकेट में आज रात भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा।

.................

पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से स्थानीय और स्वदेशी उत्पादों के ब्रांड एंबेसडर बनने तथा स्वदेशी उत्पादों पर गर्व करने की अपील की है। आज असम में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि नवरात्रि से जीएसटी की नई दरें लागू होंगी। सरकार के इस ऐतिहासिक फैसले से दैनिक उपयोग की वस्तुएं– सीमेंट, कैंसर की दवाओं, बीमा, मोटरसाइकिल और चौपहिया वाहन सस्ते हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन बदलावों से देश के हर परिवार, किसान, दुकानदार और सभी को फायदा होगा, जिससे त्योहारों का मौसम और भी रोशन हो जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सरकार का अगला लक्ष्य अगले चार से पांच साल में एक लाख नई मेडिकल सीटें जोड़ने का है। उन्होंने कहा कि ये सीटें लाखों युवाओं को डॉक्टर बनने का अवसर देंगी।

जीएसटी

इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों की घोषणा की। नई जीएसटी दरों का बागेश्वर और चंपावत के लोगों ने स्वागत किया है। व्यापारी वर्ग और आम नागरिक सरकार के इस फैसले से खुश हैं और सरकार के प्रति आभार व्यक्त कर रहे हैं। चंपावत के हार्डवेयर व्यवसायी कैलाश खर्कवाल ने बताया कि सीमेंट पर 10 प्रतिशत जीएसटी कम किया गया है।

बागेश्वर निवासी और व्यवसायी अंकित गोयल ने कहा कि रोजमर्रा की वस्तुओं पर जीएसटी कम होने से व्यापारी वर्ग के साथ ही आम नागरिकों को भी बड़ी राहत मिलेगी।

सीएम

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि राज्य सरकार का लक्ष्य जनता को त्वरित और पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी से समस्याओं का समाधान और विकास कार्य अधिक प्रभावी होंगे। श्री धामी ने आज देहरादून में विधायकों और जनप्रतिनिधियों से मुलाकात के दौरान ये बातें कहीं। मुख्यमंत्री ने विधायकों से आग्रह किया कि वे राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित क्षेत्रों का व्यक्तिगत रूप से भ्रमण करें और जरूरतमंद परिवारों को समय पर सहायता उपलब्ध कराने में सहयोग करें। श्री धामी ने कहा कि सरकार सभी आपदा प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करेगी और राहत व पुनर्वास कार्यों में तेजी लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य का संतुलित और सर्वांगीण विकास तभी संभव है जब जनप्रतिनिधि जनता की अपेक्षाओं को बारीकी से सरकार तक पहुंचाएं और सभी मिलकर राज्य की प्रगति में भागीदारी सुनिश्चित करें।

पीएमजीएसवाई समीक्षा

ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना– पीएमजीएसवाई के अंतर्गत बारिश के कारण अवरुद्ध सड़कों को जल्द खोलने के निर्देश दिए हैं। आज देहरादून में आयोजित एक बैठक में श्री जोशी ने क्षतिग्रस्त और बह गए पुलों के शीघ्र पुनर्निर्माण पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सड़क कटान से निकलने वाले मलबे को निर्धारित डंपिंग जोन में डाला जाए ताकि किसानों की फसलों को नुकसान न हो। उन्होंने कहा कि ऐसा न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि इस मानसून काल में उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ में सबसे अधिक नुकसान हुआ है। राज्य में पीएमजीएसवाई के अंतर्गत सड़कों और पुलों के लिए लगभग 415 करोड़ रुपये का आकलन भारत सरकार को भेजा गया है। वर्तमान में राज्य में 90 सड़कें अवरुद्ध हैं, जिन्हें खोलने के लिए 64 मशीनें कार्यरत हैं।

हिंदी दिवस

देशभर में आज हिंदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर देशभर के साथ ही राज्य में भी विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

हिंदी दिवस के अवसर पर चंपावत जिले के लोहाघाट स्थित राजीव नवोदय विद्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर छात्रों ने कहा कि हिंदी न केवल हमारी मातृभाषा है, बल्कि देश की अस्मिता और एकता का प्रतीक भी है।

"स्वस्थ नारी सशक्त परिवार"

आयुष मंत्रालय, महिलाओं के स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए "स्वस्थ नारी सशक्त परिवार" अभियान में भागीदारी कर रहा है। यह स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय का राष्ट्रीय अभियान है। 16 दिन का यह अभियान महिलाओं के स्वास्थ्य संवर्धन और विभिन्न बीमारियों की जाँच पर केंद्रित है। इस अभियान में कैंसर, एनीमिया, तपेदिक और सिकल सेल रोग जैसे गैर–संचारी रोगों के लिए स्वास्थ्य जाँच शिविर शामिल होंगे। अभियान के दौरान घरेलू उपचार और पोषण किट वितरित किए जाएंगे।

मौसम

**और अब एक नजर मौसम पर.....** मौसम विभाग ने 18 सितंबर तक राज्य के पर्वतीय जिलों में बारिश की संभावना जताई है। आज देहरादून, पौड़ी, बागेश्वर और नैनीताल में तेज बारिश का अनुमान है। विभाग ने कल के लिए देहरादून, बागेश्वर और नैनीताल में मूसलाधार बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। पर्वतीय जिलों में बारिश और भूस्खलन के कारण अवरुद्ध हुए मुख्य और आंतरिक मार्गों को खोलने के प्रयास जारी हैं।

## टी–ट्वेंटी एशिया कप

टी–ट्वेंटी एशिया कप क्रिकेट में आज रात दुबई में ग्रुप–ए के मैच में भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा। यह मैच रात आठ बजे से खेला जाएगा। इस वर्ष फरवरी के बाद दोनों टीमें पहली बार आमने–सामने होंगी।